दिनांक : 02.05.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

चुनाव प्रचार

तीसरे और चौथे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सागर लोकसभा क्षेत्र के सिरोंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां तीसरे चरण के चुनाव में सात मई को वोट डाले जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में जनसपंर्क अभियान में हिस्सा लिया वह आज मंदसौर, देवास, राजगढ़ व सागर के सिरोंज में भी प्रचार करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा सिरोंज, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान भिण्ड, गुना, विदिशा, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शिवपुरी एवं गुना में विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने आज शिवपुरी जिले के पिछोर में श्री सिंधिया के समर्थन में एक आमसभा को संबोधित किया। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आज मुरैना में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगी। जनसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे।

...................................................

भाजपा को जाने

भारतीय जनता पार्टी के भाजपा को जानें अभियान के तहत आज 6 देशों के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय भोपाल में प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा से मुलाकात कर भाजपा की चुनावी रणनीति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश मीडिया सेंटर का भ्रमण भी किया। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रयासों से भारतीय जनता पार्टी पूरी दुनिया के दूसरे देशों के राजनैतिक ढांचे को एक–आपस में समझ सकें, इसके लिए कार्य कर रही है।

...................................................

मतदाता जागरुकता

प्रदेश में निर्वाचन आयोग के चले बूथ की ओर के साथ ही मतदाता जागरुकता के विभिन्न आयोजन जारी है। आगरमालवा जिले की ग्राम पंचायत गिरोली, गरडा, बडोद, सिंगोलिया, ढोढर, ढाबलापिपलोन एवं पीरगुराडिया में कल मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया वहीं आंगनवाड़ी केन्द्र पर मेहंदी एवं रांगोली बनाकर महिला मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित कर शपथ भी दिलाई गई। शिवपुरी जिले में कल जनपद पोहरी के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शहर में बाइक रैली निकाली गयी ,जिसका उद्देश्य युवाओ को मतदान के प्रति जागरूक करना था। साथ ही जिले में सभी मतदान केन्द्रों में एक मई से "चलें बूथ की ओर" अभियान शुरू हो गया है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां जिनमें जागरुकता रैली, दीवार लेखन, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। गुना के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता शपथ, रंगोली, रैली, मेंहदी आदि के माध्यम से मतदाताओं को 07 मई को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विकास खण्ड गुना में महिला लो–टर्नआउट बूथ ग्राम टोरिया में स्व–सहायता समूह की दीदीयों एवं टीम द्वारा पीले चावल वितरित कर मतदान के लिए आमंत्रित किया।

...................................................

**जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ**

**प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्‌वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्‌वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के**

**नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।**

.................................................

पंचकोशी

उज्जैन जिले में पंचक्रोशी यात्रा का आयोजन कल से 7 मई तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री ड़ॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन पहुंचकर क्षिप्रा नदी में स्नान किया। उन्होंने कहा कि पवित्र माह वैशाख की कृष्ण दशमी से अमावस्या तक चलने वाली 'पंचकोशी यात्रा' के लिए, बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में श्रद्धालुओं का दूर–दूर से आगमन होता है। यात्रा से एक दिन पूर्व मां शिप्रा में स्नान कर उन्होंने भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य प्रदान कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि व प्रगति हेतु प्रार्थना की। इस बीच यात्रा के सफल और सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने अधिकारियों के साथ रात्रि भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

.................................................

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- अनूपपुर जिले का ग्राम पंचायत बदरा का सीएम राइज विद्यालय100: रिजल्ट के साथ टॉप पर रहा है। यहां 113 में से 111 बालिकाएं 10वीं और 12वीं में फर्स्ट डिविजन से पास हुई हैं।
- ऑडिटोरियम हाल छतरपुर में पुलिस मुख्यालय के 'उड़ान अभियान' के तहत पुलिस अधीक्षक छतरपुर की अध्यक्षता में महिला पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण में महिला पीड़िता के साथ संवेदनशीलता एवं सकरात्मक व्यवहार कर उनकी समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

.................................................